केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क
मो0 9336715406
8400925463
भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :47 अंक 305 रविवार 31 मई 2026 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## यूपी में डीजल, पेट्रोल, सीएनजी के बाद 10 प्रतिशत मंहगी हुई बिजली



**लखनऊ (आभा)।** डीजल, पेट्रोल, सीएनजी के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने जून के बिजली बिलों पर 10 प्रतिशत 'ईंधन और बिजली खरीद समायोजन अधिभार' (एफपीपीएएस) लगाने की औपचारिक अधिसूचना जारी कर दी है। इस कदम से राज्य भर में सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं पर असर पड़ेगा। यह सरचार्ज, उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार, बिजली खरीदने और ट्रांसमिशन लागत पर हुए अतिरिक्त खर्च की भरपाई के लिए लगाया गया है।

29 मई को जारी एक आदेश के अनुसार, मार्च महीने से जुड़ा 10 प्रतिशत का यह इजाफा जून में जारी होने वाले बिजली के बिलों के जरिए वसूला जाएगा। इस फैसले का मतलब है कि उपभोक्ताओं को श्फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (ईंधन सरचार्ज समायोजन तंत्र) के तहत अपने मासिक बिजली बिलों पर अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ेगा।

फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्जश (ईंधन और बिजली खरीद समायोजन सरचार्ज) इसलिए लगाया जाता है, ताकि वितरण कंपनियों को ईंधन की कीमतों में होने वाले उतार–चढ़ाव और अलग–अलग स्रोतों से बिजली खरीदने की बढ़ी हुई लागत की भरपाई की जा सके।

यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी के चलते बिजली की व्यापक और लंबे समय तक चलने वाली कटौती हो रही है । इस भीषण गर्मी ने कई जिलों में तापमान को 45 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर पहुंचा दिया है।

बढ़ते तापमान के कारण बिजली की खपत में काफी बढ़ोतरी हुई है क्योंकि घर, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और उद्योग इस भीषण मौसम का सामना करने के लिए कूलिंग उपकरणों और अन्य बिजली के उपकरणों पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं।

इसके परिणामस्वरूप, पूरे राज्य में बिजली की मांग में तेजी से उछाल आया है और बताया जा रहा है कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार मांग में लगभग 5,000 मेगावाट की बढ़ोतरी हुई है।

हालांकि, उत्तर प्रदेश ने हाल के वर्षों में अपने ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया है और अपनी बिजली ट्रांसमिशन क्षमता को बढ़ाया है। हालांकि अधिकारी यह स्वीकार करते हैं कि यह बढ़ोतरी उपभोक्ताओं की तेजी से बढ़ती मांग के साथ तालमेल नहीं बिठा पाई है।

## एक नजर

### राजस्व वसलूी में तेजी, डग्गामार वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई का निर्देश

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली एवं कर करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में तेजी लायें। उन्होने प्रवर्तन से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जाय तथा निजी वाहनों को व्यवसायिक प्रयोग में लाने वाले वाहन स्वामियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेतरतीब खड़े वाहनों, ड्रिंक एवं ड्राइव मामलें में कठोर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।

पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव त्यागी ने कहा कि वाहनों का नम्बर प्लेट स्पष्ट रूप से दिखें। नम्बर प्लेट ठीक से न दिखाई देने वाले वाहनों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। इसके लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। ओवर लोड व ओवर स्पीड वाहनों के विरूद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।

मण्डलायुक्त ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय–समय पर सैम्पलिंग की कार्यवाही की जाय। उन्होने न्यायालय से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धारा 44, 80 और 116 से संबंधित प्रकरण को नियमानुसार शीघ्रअतिशीघ्र निस्तारित करें।

उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति में पिछड़े विभाग कार्ययोजना बनाकर निरन्तर अभियान चलायें। बैठक का संचालन अपर आयुक्त प्रशासन मनोज कुमार तिवारी ने किया। बैठक में जिलाधिकारी बस्ती श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना, सिद्धार्थनगर शिवशरणप्पा जी.एन., संतकबीरनगर आलोक कुमार, तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षक, आरटीओ फरूउद्दीन, डीएफओ डा. शिरिन, खान अधिकारी प्रशान्त यादव, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रर्वतन) सुरेश कुमार मौर्या, डिप्टी कमिश्नर वाणिज्यकर प्रभाकर सरोज, उप निदेशक प्रशासन मण्डी परिषद श्रीमती ज्योति यादव, प्रशासनिक अधिकारी संतोष कुमार पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### घर के बाहर फायरिंग से दहशत, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । बस्ती के रौतापार मोहल्ले में शनिवार तड़के बाइक सवार तीन युवकों ने एक घर के बाहर फायरिंग कर दहशत फैला दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। यह पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

रौतापार निवासी सौरभ श्रीवास्तव के घर के बाहर शनिवार सुबह करीब 4.50 बजे तीन युवक बाइक पर पहुंचे। आरोप है कि युवकों ने पहले अभद्र भाषा का प्रयोग किया और गाली–गलौज की। इसके बाद उन्होंने दो राउंड फायरिंग की।

अचानक हुई गोलीबारी की आवाज से पूरे मोहल्ले में अफरा–तफरी मच गई और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भवन स्वामी मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि घटना के समय उनका परिवार घर के अंदर सो रहा था। शोर–शराबा और गालियों की आवाज सुनकर वे सहम गए।

घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। कोतवाली इंस्पेक्टर मोती चंद ने बताया कि मामले में विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## बाउन्ड्रीवाल निर्माण को लेकर विवाद, पीड़ता ने उच्चाधिकारियों से लगाया न्याय की गुहार



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के हथिरजा निवासिनी आमिना खान पत्नी अकबर खान ने मण्डलायुक्त और पुलिस उच्चाधिकारियों को पत्र देकर मार पीट, जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषियों के विरूद्ध दर्ज मुकदमा के आधार पर गिरफ्तारी, कार्रवाई और अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है।

उच्चाधिकारियों को दिये पत्र में आमिना खान ने कहा है कि गत 19 मई को वह अपने घर की बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य करा रही थी उसी समय बगल के जहीर अहमद पुत्र सिराज अहमद व बिन्नो पुत्री सिराज अहमद उसके घर पर चढ़ आये। उसे और उसकी पुत्री ने उन लोगों को अपने घर से वापस जाने को कहा किन्तु उसकी बेटी को जहीर अहमद मारने–पीटने लगे व पुत्री को अकेला पाकर उसके साथ दुर्व्यर्वहार करने की नियत से छेड़खानी करने लगे । उक्त लोग उसकी पुत्री के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित कर सकते हैं। उसकी पुत्री ने पाकर 112 नम्बर पर डायल किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तहरीर के लिए थाने पर बुलाया। वह अपनी पुत्री के साथ मुण्डेरवा थाने पर पहुंचकर घटना की जानकारी दी। घर आने पर चता चला कि वापस उसके पति के मोबाइल पर जहीर अहमद एवं भाई जुनैद अहमद व जुबैर अहमद द्वारा बार बार धमकी दी जा रही है । उसने इस मामले में दोषियों के विरूद्ध दर्ज मुकदमे के आधार पर दोषियों की गिरफ्तारी और अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है।

## नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना के नेतृत्व में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना के नेतृत्व में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। शनिवार को लोहिया नगर वार्ड के देवापार में प्रातः 06 बजे से तीन घंटे तक चले इस अभियान में अध्यक्ष के साथ सभासदों, नगर पंचायत कर्मियों तथा सहयोगियों ने खूब पसीना बहाया। हाथों में स्वयं झाड़ू लिए श्रीमती राना ने टीम के साथ शिव मंदिर परिसर और तालाब के अन्दर उतर कर साफ सफाई किया। उन्होंने ने कहा कि महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में सम्मिलित करने का संदेश दिया गया हैं। श्रीमती राना ने नागरिको से अपील किया कि अपने घरों तथा आस पास स्वच्छता बनाए रखें जिससे बीमारियों पर लगाम लगाया जा सके। कहा कि स्वच्छ, स्वस्थ, सुन्दर और समृद्ध नगर बने बिना नगर को देश को मॉडल नगर पंचायत बनाने तथा विकसित भारत की कल्पना साकार नहीं हो सकेगी।

श्रीमती राना ने बताया कि नगर देश की पहली नगर पंचायत है जहां प्रत्येक माह विशेष स्वच्छता अभियान, योग दिवस, वृद्ध जन सम्मान, श्रीराम धाम निःशुल्क यात्रा सहित साप्ताहिक जनता दर्शन, नगर पंचायत अध्यक्ष विवेकाधीन कोष, निःशुल्क शव वाहन सुविधा, संस्कार सहभागिता योजना, श्रम बीर सम्मान योजना, एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार, धर्म ज्योति योजना, शिकायतों के लिए टोल फ्री सुविधा, युवाओं के लिए नगर महोत्सव एवं शहीद मेला जैसी दर्जनों जनहितकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। इस अवसर पर सभासद राजेश पाण्डेय, राजकुमार चौधरी, रणजीत सिंह, राजेश त्रिपाठी, मोनू पांडेय, राकेश पाण्डेय ,चंद्र मणि, मिश्र, जगदम्बा पाण्डेय, श्रुति अग्रहरि, सचिन पाण्डेय, राधा देवी कसौधन, राज कुमारी सोनी, सरोज , शिवम कसौधन सहित बड़ी संख्या में नगर पंचायत कर्मी तथा क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

## मण्डलायुक्त ने दिया जल जीवन मिशन योजना के समीक्षा का निर्देश

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**




बस्ती । मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यो की मासिक मण्डलीय समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में मण्डल के अन्तर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं निर्माण कार्यो की विभागवार समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि विकास कार्यो में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेंगी। उन्होने कहा कि शासन के प्राथमिकता वाले योजनाओं का कियान्वयन गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाय। उन्होने जलजीवन मिशन से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित को निर्देशित किया कि पूर्ण कार्यो के गुणवत्ता की जॉच करा ली जाय तथा यह भी देख लिया जाय कि पानी की सप्लाई कहॉ–कहॉ हो रही है।

उन्होने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, मुख्यमंत्री आवास (ग्रामीण), जननी सुरक्षा, फैमली आईडी, एसबीएम (जी) फेज–2 व्यक्तिगत शौचालय, राज्य योजना, आईसीडीएस पोषण अभियान, प्रोजेक्ट अलंकार, नई सड़को का निर्माण, निर्माण कार्य (सीएमआईएस) सहित संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा किया। उन्होने यह भी कहा कि जिन परियोजनाओं की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नही पायी गयी है, उनके संबंध में संबंधित अधिकारी अपेक्षित प्रगति करना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने कहा कि विकास कार्यो का सीधा संबंध आमजन के जीवन से है, इसलिए सभी अधिकारी फिल्ड में जाकर कार्यो का भौतिक सत्यापन करें। उन्होने यह भी कहा कि अपूर्ण परियोजनाओं को शीघ्रअतिशीघ्र पूर्ण करते हुए संबंधित विभाग को हैण्डओवर किया जाय। उन्होने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें, जिससे जिले की रैंक बेहतर हो सकें।

बैठक में उन्होने गेहूँ खरीद, खरीफ गोष्ठी, खाद–बीज उपलब्धता, नहरों में पानी की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दियें। बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त निर्मल कुमार द्विवेदी ने किया। बैठक में जिलाधिकारी बस्ती श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना, सिद्धार्थनगर के शिवशरणप्पा जी.एन. , संत कबीर नगर के आलोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, बलराम सिंह, जयकेश त्रिपाठी, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या पूनम, तीनों जिलों के सीएमओ, डीपीआरओ धनश्याम सागर, समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार, यूनिसेफ के सुरेन्द्र शुक्ला, वरिष्ठ सहायक सुहेल अहमद सहित मण्डल स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सूदखोरों से परेशान युवक ने एसपी ऑफिस में पेट्रोल पियाः जांच में जुटी पुलिस

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



बस्ती । सूदखोरों के उत्पीड़न से परेशान एक युवक ने शनिवार को पुलिस कार्यालय परिसर में पेट्रोल पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। युवक को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

यह घटना दुबौलिया थाना क्षेत्र के पाहीमाफी गांव निवासी 27 वर्षीय सुरेश कुमार पुत्र मेहिलाल के साथ हुई। सुरेश शनिवार को पेट्रोल लेकर पुलिस कार्यालय पहुंचा और वहां उसने दो गिलास पेट्रोल पी लिया। इस दृश्य को देखकर पुलिसकर्मियों में अफरातफरी मच गई और उन्होंने तुरंत युवक को चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई।

युवक ने बताया कि उसने तीन लोगों से 10–10 हजार रुपये 10 प्रतिशत मासिक ब्याज पर उधार लिए थे। उसका आरोप है कि ऋण देने वाले लोग लगातार उस पर दबाव बना रहे थे और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। इसी उत्पीड़न से तंग आकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। युवक के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। अस्पताल में उसका उपचार जारी है और चिकित्सक उसकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि युवक द्वारा लगाए गए आरोपों की गंभीरता से जांच कराई जा रही है। पुलिस मामले में आवश्यक साक्ष्य संकलित कर रही है तथा जांच के आधार पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी में विमर्श

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**




बस्ती, । हिन्दी पत्रकारिता के प्रकाशन के 200 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। 30 मई 1826 को उदण्ड मार्तण्ड अखबार का प्रकाशन शुरू हुआ था। आज भी प्रिन्ट मीडिया की विश्वसनीयता कायम है, वर्तमान समय में भी पाठकों को समाचार पत्र को पढ़े बिना चौन नहीं पड़ता है।

उक्त विचार आज प्रेस क्लब बस्ती में आयोजित हिन्दी पत्रकारिता दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, वरिष्ठ पत्रकार एवं उपज के प्रदेश सचिव जयंत कुमार मिश्र ने व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे देश के अन्दर हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाया जा रहा है। पत्रकार विपरीत परिस्थिति में भी अपने धर्म का निर्वाह ईमानदारी एवं निष्ठा से कर रहा है।

संरक्षक प्रकाश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता का युग कभी खत्म नहीं होगा। वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चन्द्र पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य पत्रकारिता का रॉ मैटेरियल है साथ ही साथ मनुष्य की सोच हमेशा बदलती रहती है, वक्त के सांचे में हम सभी को ढ़लना होगा। वर्तमान समय में पत्रकारिता आसान काम नहीं है।

कार्यक्रम में सर्वेश श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, अमित सिंह, डा0 रामकृष्ण लाल जगमग, टी0पी0 मिश्रा, राजेश चित्रगुप्त, कौशल ओझा, चन्द्र प्रकाश शर्मा, अंकुर वर्मा, स्कन्द शुक्ल, पुनीत ओझा, डा0 वी0के0 वर्मा ने कहा कि डिजिटल मीडिया के युग में भी प्रिन्ट मीडिया का महत्व कम नहीं हुआ है। आज हिन्दी पत्रकारिता के गौरव का दिन है। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय ने किया।

हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर प्रेस क्लब बस्ती की ओर से इस वर्ष वरिष्ठ पत्रकार जयंत कुमार मिश्र को 11000৳–(ग्यारह हजार) की राशि, शील्ड एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी हितेन्द्र चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र पाण्डेय, संजय विश्वकर्मा, विपिन बिहारी त्रिपाठी, राकेश चन्द्र बिन्नू, बशिष्ठ पाण्डेय, दिलीप सिंह, जीशान हैदर रिजवी, राजेश पाण्डेय, गोकरन नारायण पाण्डेय, सुनील मिश्रा, राजेन्द्र उपाध्याय, चन्द्रभूषण श्रीवास्तव, संदीप गोयल, दिनेश पाण्डेय, अनिल सिंह, रमेश मिश्रा, संतोष पाल, रजनीश त्रिपाठी, राकेश गिरि, अरूणेश श्रीवास्तव, अमर वर्मा, देवेन्द्र पाण्डेय, सुरेश सिंह गौतम, लालू प्रसाद यादव, रामसजीवन दूबे, रत्येन्द्र पाण्डेय, राधेकृष्ण द्विवेदी, अमर सोनी, भवानी तिवारी, अभिषेक कुमार, अरूण कुमार, विवेक त्रिपाठी, हरिओम लल्ला, ईमान करीम, रत्नेश्वर मिश्र, धर्मेन्द्र पाण्डेय, आशुतोष नारायण मिश्र, अभिनव कुमार दूबे, शिवराज सिंह, श्रीराम, राकेश तिवारी, दिलीप पाण्डेय, विश्राम प्रसाद, शहंशाह आलम, रत्नाकर, दशरथ, सर्वजीत सिंह, दिनेश कुमार पाण्डेय, आलोक श्रीवास्तव, डा0 उमेश चन्द्रा, दिनेश सिंह, राजवन्त, ओम प्रकाश पाण्डेय, वीर कुमार तिवारी, आनन्द गुप्ता, अनिल कुमार पाण्डेय, राजप्रकाश, रितेश कन्नौजिया, जयप्रकाश गौस्वामी, राघवेन्द्र सिंह, ब्रम्हसेवक पाण्डेय, संजय, कौशल मिश्र, कपीश मिश्र, इन्द्रभूषण चौबे, बजरंग प्रसाद शुक्ल, डा0 नवीन सिंह, अश्वनी शुक्ल, बसंत लाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## आंधी में गिरे आम के पेड़ को लेकर विवादः एसपी से दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई, न्याय दिलाने की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



बस्ती । लालगंज थाना क्षेत्र के महसो निवासी रामराज त्रिपाठी पुत्र कृष्ण त्रिपाठी ने उप जिलाधिकारी सदर और पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर आंधी तूफान में गिरे अपने आम के पेड़ की लकड़ी वापस दिलाने और अनावश्यक रूप से विवाद खड़ा करने वाले विपक्षियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर न्याय दिलाने की मांग किया है। रामराज त्रिपाठी का कहना है कि वे निरन्तर न्याय के लिये भटक रहे हैं किन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

उच्चाधिकारियों को दिये पत्र में रामराज त्रिपाठी ने कहा है कि बाग में आँधी तूफान से आम का पेड़ गिर गया था, जिसको गत 25 मई को ट्राली पर लदवाकर घर लेकर जा रहे थे कि महसों चौकी इन्चार्ज ने उन्हें रोका और कहा कि पहले एसडीएम से लिखवा कर लाओ तब लकड़ी लेकर जाना, उन्होने लकड़ी को ट्राली से उतरवा दिये। गाटा संख्या–190 बाग मालिकान नम्बर है और जिस पर उनका नाम राजस्व अभिलेखो में दर्ज हैं। उक्त पेड़ उनके पिता श्रीकृष्ण द्वारा लगभग 65 वर्ष पूर्व लगाया गया था। विपक्षी ठाकुर प्रसाद पुत्र जगरनाथ, अशोक कुमार पुत्र कमलाकान्त, राजा, दीपक, मुन्ना, बलराम पुत्रगण ठाकुर प्रसाद स्थानीय पुलिस से सॉठ–गाँठ करके उनके आम की लकड़ी को रोका गया है। विपक्षीगण लकड़ी, झाड़, पत्ती सब उठा ले गये। कानूनगो ने विपक्षीगणो की साजिश में होकर गलत ढंग से पैमाइश करके मालिकान को नापकर, विपक्षी को दे दिया और विपक्षी के आराजी संख्या–192 जो कृषि योग्य भूमि है, उनके बाग मालिकान नम्बर–190 में दर्शा दिया। आराजी संख्या–190 उनके नाम से दर्ज है। विपक्षी द्वारा पूरा लकड़ी ले लिया गया और आमादा फौजदारी है। उप जिलाधिकारी सदर ने एस०ओ० लालगंज को आदेश दिया गया कि लकडी लदवाकर उनके घर भेजवाये लेकिन चौकी इन्चार्ज ने ऐसा नहीं किया। कानूनगो गत 27 मई को गलत पैमाइश करके झगड़ा लगाकर चले गये, बाग 65 वर्ष पुराना है, जिस पर उनके बाप–दादा जमाने से काबिज है। उन्होने पूरे मामले की जांच और दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर न्याय दिलाने की मांग किया है।

# जनसंख्या की बनावट और राजनीति

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 31 मई 2026 रविवार

## सम्पादकीय

## परीक्षा के लिये सेना क्यों..?

किसी भी परीक्षा के दौरान अगर प्रश्नपत्र लीक होता है या अन्य कोई गड़बड़ी होती है, तो इसका मतलब यही है कि उसके संचालन से जुड़ा तंत्र परीक्षा की शुचिता को सुनिश्चित कराने में नाकाम रहा। हाल ही में प्रश्नपत्र लीक होने के बाद नीट–यूजी परीक्षा को जिस तरह रद्द किया गया, उससे साफ है कि पहले हुई ऐसी कई घटनाओं के बावजूद आयोजन में हर हाल में शुचिता तय करने को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए ने जरूरी सबक नहीं सीखा। नतीजतन, नीट की परीक्षा के प्रश्नपत्र फिर अवैध रूप से बाहर हुए और ऊंची कीमतों पर बेचे गए। विडंबना यह है कि इस भ्रष्ट लेन–देन और इसके जरिए परीक्षा में कामयाब होने की कोशिश करने वाले कुछ लोगों की करतूतों का खमियाजा करीब बाईस लाख उन विद्यार्थियों को उठाना पड़ा, जिन्होंने ईमानदारी से अपनी मेहनत के बूते परीक्षा दी थी। ऐसे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की पीड़ा प्रश्नपत्र लीक करने और उसका फायदा उठाने वाले गिरोहों की हरकत के खुलासे से उपजे शोर में दब कर रह गई।

विचित्र है कि इस घटना की परतें खुलने के बाद शीर्ष स्तर पर इसकी जिम्मेदारी तय करने तथा संचालन के तंत्र में पाई गई खामी को पूरी तरह दुरुस्त करने या इस मसले पर अधिकतम सख्ती बरतने के बजाय सुरक्षित तरीके से परीक्षा कराने के लिए अब सेना का सहारा लेने की खबर आई है। यानी एक तरह से यह स्वीकार कर लिया गया है कि सरकार का मौजूदा तंत्र इस परीक्षा का स्वच्छ तरीके से संचालन कर पाने में सक्षम नहीं है और इसीलिए सेना के सहारे नीट–यूजी परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी।

गौरतलब है कि नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने से जुड़े मामले में पूरी प्रक्रिया की समीक्षा के लिए हुई बैठक में प्रश्नपत्र तैयार करने और उनकी छपाई से लेकर परिवहन, सुरक्षा और परीक्षा केंद्र तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के सभी पहलुओं पर विचार किया गया। इसके बाद अब 21 जून को दोबारा होने वाली नीट परीक्षा में प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए वायुसेना की मदद लेने पर सहमति बनी। अगर यह प्रस्ताव अमल में आता है, तो किसी राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के आयोजन और संचालन में सेना के औपचारिक रूप से शामिल होने का यह पहला मौका होगा।

सवाल है कि इससे पहले नीट या अन्य परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों का उदाहरण सामने होने के बावजूद यह स्थिति आखिर क्यों पैदा हुई कि सरकार को परीक्षा के स्वच्छ संचालन के लिए अपने तंत्र और पुलिस पर भरोसा नहीं रहा। हालांकि खबरों के मुताबिक सेना की भूमिका केवल लॉजिस्टिक समन्वय, आपातकालीन स्थितियां पैदा होने या मौसम में तेज उतार–चढ़ाव के बीच सुरक्षित परिवहन तक सीमित रहने की बात कही गई है और परीक्षा की निगरानी सेना से नहीं कराई जाएगी। मगर यह देखने की बात होगी कि सेना की मदद का दायरा क्या होता है।

आमतौर पर किसी प्राकृतिक आपदा से हुई तबाही और अन्य आपात स्थितियों में युद्ध स्तर पर बचाव कार्य आदि के लिए जरूरत पड़ने पर सरकार सेना या सशस्त्र बलों को तैनात करती रही है। यह एक अफसोसनाक स्थिति है कि आज के दौर में परीक्षाओं के संचालन के मामले में पहले के मुकाबले बेहतर संसाधनों, हर स्तर पर निगरानी की तकनीकी सुविधा और व्यापक डिजिटल तंत्र के बावजूद प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं हो रही हैं और इसे रोकने के लिए सरकार के सामने सेना की मदद लेने की नौबत है।

## जानलेवा होता एसी

इसमें दोराय नहीं कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास ने मानव जीवन की राह को आसान बना दिया है। मगर तकनीक तभी सुविधाजनक होती है, जब उसे कौशल, संवेदनशीलता और सतर्कता के दायरे में रखा जाए। जरा–सी लापरवाही पर यह सुविधा कब जोखिम में बदल जाए, इसका आभास भी नहीं हो पाता है। बीते बुधवार की रात को दिल्ली के हौजखास इलाके में ऐसी ही एक घटना सामने आई, जिसमें एयर कंडीशनर यानी एसी में विस्फोट से लगी आग की वजह से सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी धनेंद्र कुमार की जान चली गई।

वह भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के प्रथम अध्यक्ष थे। एसी में विस्फोट किन कारणों से हुआ, यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा, लेकिन सवाल है कि जिन उपकरणों को घरों में सुविधा के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, उनमें तकनीकी खराबी से पैदा होने वाले खतरे से सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है? क्या ऐसी घटनाओं में जवाबदेही तय किए जाने की जरूरत नहीं है?

गौरतलब है कि हर साल गर्मी में एयर कंडीशनर की वजह से हादसों का सिलसिला शुरू हो जाता है। पिछले एक माह में देश भर में एसी में विस्फोट या आग लगने से मौत की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। निस्संदेह इस तरह के उपकरणों का इस्तेमाल करते समय लोगों को भी सावधानी बरतनी चाहिए। खासकर एसी के मामले में ज्यादा सतर्कता की जरूरत होती है, क्योंकि इससे और भी कई तरह के जोखिम होते हैं।

मसलन, बहुत ठंडे कमरे से अचानक तेज गर्मी में जाने से शरीर का तापमान बदल जाता है, जिससे मस्तिष्काघात का खतरा बढ़ जाता है। एयर कंडीशनर कमरे की नमी को सोख लेता है, जिससे सांस और त्वचा संबंधी विकार पैदा हो सकते हैं। यही नहीं, इस उपकरण से गैस का रिसाव होने पर बंद कमरे में दम घुटने जैसी जानलेवा स्थिति पैदा हो सकती है। यानी किसी भी तकनीकी संसाधन के उपयोग के साथ ही उनके संचालन के लिए एक मुकम्मल प्रशिक्षण भी बेहद जरूरी है। जरूरत इस बात की भी है कि ऐसे उपकरणों में तकनीकी खराबी की वजह से कोई हादसा न हो, इसके लिए सरकार की ओर से स्पष्ट नीति एवं नियम बनाए जाएं, ताकि इनके निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।



–संजय सक्सेना–



भारत के कई राज्यों और जिलों में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की बनावट (डेमोग्राफी चेंज) में जो असामान्य बदलाव आए हैं, उस पर लगाम लगाने के लिये मोदी सरकार ने कड़े कदम उठाना शुरू कर दिया हैं। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। गौरतलब हो, घुसपैठ और अन्य कारणों से होने वाला अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय बदलाव किसी भी राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती होती है। यह बात स्वयं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी कई बार कह चुके हैं। इसी चिंता को ध्यान में रखते हुए 26 मई 2026 को केन्द्र सरकार ने घुसपैठ और अन्य कारणों से हो रहे अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय बदलाव की जांच के लिए एक उच्च–स्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति साल भर में अपनी रिपोर्ट केन्द्र सरकार को सौंप देगी, जिसके बाद मोदी सरकार कई कड़े कदम उठा सकती है। वैसे यह मसला अचानक नहीं उठा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से देश के सामने जो दृष्टि रखी थी, इस समिति का गठन उसी की कड़ी है। इस घोषणा को 11 सितंबर 2025 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी भी मिल गई थी। अब नौ महीने बाद इस समिति ने आधिकारिक रूप से काम करना शुरू कर दिया है।

इस उच्च–स्तरीय समिति की अध्यक्षता उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर को सौंपी गई है। न्यायमूर्ति नावलेकर की छवि एक निष्पक्ष और अनुभवी विधिवेत्ता की रही है, इसलिए उनके नेतृत्व में इस संवेदनशील विषय की जांच को विश्वसनीयता मिलेगी। समिति में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी), बालाजी श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त पुलिस सेवा के अधिकारी) और जानी–मानी अर्थशास्त्री डॉ. शमिका रवि को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। जनगणना आयुक्त भी इस समिति के सदस्य होंगे तथा गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव (विदेशी–1 प्रकोष्ठ) इस समिति के सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे। इस प्रकार यह समिति न्यायिक, प्रशासनिक, पुलिस और आर्थिक के चारों क्षेत्रों के विशेषज्ञों का एक संतुलित समूह है। यह समिति अवैध प्रवासन और दूसरे अस्वाभाविक कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों का व्यापक मूल्यांकन करेगी। यह पता लगाया जाएगा कि किन जिलों और किन क्षेत्रों में जनसंख्या की धार्मिक अथवा भाषाई संरचना में असामान्य रूप से बदलाव आया है। यह समिति धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर जनसंख्या में होने वाले असामान्य बदलावों के स्वरूप की समीक्षा करेगी और इसके लिए एक सुनियोजित तथा समय सीमा वाला समाधान भी प्रस्तुत करेगी।

समिति यह भी खंगालेगी कि अवैध रूप से देश में घुसकर बस जाने वाले लोग कौन हैं, वे किस मार्ग से आते हैं और किस प्रकार उन्हें मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड अथवा राशन कार्ड जैसे सरकारी पहचान के दस्तावेज मिल जाते हैं। यह एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण पहलू है क्योंकि दस्तावेज मिल जाने के बाद ये लोग व्यवस्था के भीतर इस प्रकार घुलमिल जाते हैं कि उन्हें बाहर करना कठिन हो जाता है। समिति को एक वर्ष के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपनी होगी। आवश्यकता पड़ने पर यह अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। समिति राज्य सरकारों, सीमा सुरक्षा बल, खुफिया एजेंसियों तथा जनगणना के आंकड़ों से तथ्य एकत्र करेगी। विभिन्न जिलों का दौरा कर वहां के स्थानीय प्रशासन और लोगों से सीधी बातचीत भी इसके कार्य का हिस्सा होगी। रिपोर्ट में न केवल समस्या का विश्लेषण होगा, बल्कि उससे निपटने के ठोस उपाय भी सुझाए जाएंगे जिन्हें सरकार नीति के रूप में लागू कर सके।

इस समिति के गठन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि पहली बार इस विषय को एक व्यवस्थित और संस्थागत ढांचे में रखकर देखा जाएगा। अब तक यह मसला केवल राजनीतिक बहसों तक सीमित रहता था, किंतु अब एक न्यायिक और प्रशासनिक जांच के जरिए इसके तथ्यात्मक आधार तैयार होंगे। पश्चिम बंगाल, असम, केरल, उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र, उत्तराखंड और झारखंड के कुछ जिलों में जनसंख्या की बनावट में जो बदलाव देखे गए हैं, उनका वैज्ञानिक और तथ्यात्मक अध्ययन पहली बार इतने बड़े स्तर पर होगा। पश्चिम बंगाल में अवैध बांग्लादेशियों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी के बाद सीमा क्षेत्रों में हड़कंप की स्थिति है, जो यह दर्शाती है कि यह समस्या कितनी गहरी और व्यापक है। इस समिति की रिपोर्ट के आधार पर सरकार उन राज्यों और जिलों को चिह्नित कर सकेगी जहां तत्काल कार्रवाई आवश्यक है। घुसपैठियों को सरकारी दस्तावेज मिलने की प्रक्रिया में जो खामियां हैं, उन्हें बंद करने के लिए नए नियम बनाए जा सकेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी यह आवश्यक है कि देश को पता हो कि उसकी सीमाओं के भीतर कौन रह रहा है और किस उद्देश्य से।

सरकार के इस कदम पर राजनीतिक प्रतिक्रिया मिली जुली रही। कुछ राजनीतिक दलों ने इसे कानून और सुरक्षा का मामला बताते हुए सख्ती की मांग की, जबकि मानवाधिकार समूह और सामाजिक कार्यकर्ता मानवीय दृष्टिकोण, दस्तावेजों की सुलभता और रोजगार सृजन पर जोर दे रहे हैं। केंद्र सरकार ने 26 मई 2026 को देश में घुसपैठ और अन्य कारणों से हो रहे अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय बदलाव की जांच के लिए समिति का गठन किया है। मोदी सरकार के इस कदम की कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और एआईएमआईएम के नेताओं ने तीखी आलोचना की है। उनका आरोप है कि यह समिति मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाने के लिए बनाई गई है और इसका उपयोग बड़े पैमाने पर मताधिकार छीनने या हिरासत का आधार तैयार करने के लिए किया जाएगा। विपक्षी नेताओं ने असम के एनआरसी अनुभव का हवाला देते हुए इसे एक चुनावी हथियार करार दिया। इन नेताओं का कहना है कि यह समिति ऐसे समय गठित हुई है जब पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में घुसपैठ का मुद्दा राजनीतिक विमर्श के केंद्र में रहा था और भाजपा ने इसी मुद्दे पर तृणमूल सरकार को हराकर पूर्ण बहुमत हासिल किया।

कानूनी विशेषज्ञों ने भी इस समिति के व्यापक जनादेश पर सवाल उठाए हैं। उनके अनुसार जनसांख्यिकीय बदलाव जैसी शब्दावली भारतीय कानून में परिभाषित नहीं है, जिससे इसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है। सत्ता पक्ष इसे राष्ट्रीय सुरक्षा की अनिवार्यता बता रहा है तो विपक्ष इसे आगामी चुनावों से जोड़कर देख रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि समस्या के जड़ में अक्सर रोजगार, भूमि–अधिकार और शिक्षा की कमी होती है, जिन्हें दूर किए बिना केवल प्रवासन नियंत्रण से स्थाई समाधान नहीं निकलेगा। केंद्र ने राज्य सरकारों से कहा है कि वे त्वरित वेरिफिकेशन अभियान चलाएँ, स्थानीय प्रशासन को संसाधन उपलब्ध कराएं और सांस्कृतिक संस्थाओं की रक्षा के उपाय अपनाएँ। अधिकारियों का कहना है कि समाधान में पारदर्शिता, न्याय और समावेशन पर बल होगा ताकि सामाजिक रंजिश और हिंसा की आशंका को रोका जा सके। संक्षेप में कहें तो यह समिति उस बड़े प्रश्न का उत्तर खोजने की कोशिश है जो वर्षों से अनुत्तरित रहा है कि आखिर कौन, कहां से, कैसे और किसकी मिलीभगत से देश की जनसंख्या की बनावट को बदल रहा है। इसका उत्तर जब सामने आएगा, तभी इस समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

# चुनौतियों के दौर से गुजरती कांग्रेस

–निरंजन परिहार–



भारतीय राजनीति में कांग्रेस के लिए ये बड़ी चुनौतियों का दौर है। एक ओर बीजेपी आक्रामक संगठन, मजबूत नेतृत्व और वैचारिक स्पष्टता के साथ अपनी संगठन और सत्ता दोनों को विस्तार दे रही है, तो उसके मुकाबले कांग्रेस अपने संगठनात्मक पुनर्निर्माण और वैचारिक पुनर्स्थापना की नई प्रक्रिया में है। कांग्रेस के सामने चुनौती केवल चुनाव जीतने की नहीं, बल्कि एक ऐसी प्रभावी नेतृत्वकारी नई टीम तैयार करने की है, जो आने वाले लंबे राजनीतिक संघर्ष में पार्टी को आगे ले जा सके। यही कारण है कि आज राहुल गांधी को संसद और संगठन दोनों स्तर पर युवा, ऊर्जावान और वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध साथियों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है। राहुल गांधी चाहे, तो राज्यसभा चुनाव के दरवाजे खुले हैं, जहां पहले से ही बैठे युवा नेताओं शक्ति सिंह गोहिल, नीरज डांगी जैसों की काबिलियत देखकर फिर से राज्यसभा भेजा जा सकता है, तो सचिन पायलट, प्रणीति शिंदे, दीपेंदर हुड्डा, इमरान प्रतापगढ़ी, जिग्नेश मेवानी जैसे नेताओं को संगठन में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर युवा पीढ़ी को नया संदेश दिया जा सकता है।

राहुल गांधी ने बीते कुछ वर्षों में जिस प्रकार लगातार वैचारिक राजनीति, सामाजिक न्याय, संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा जैसे मुद्दों को केंद्र में रखा है, उससे यह स्पष्ट हुआ है कि वे कांग्रेस को केवल चुनावी दल के रूप में नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन के रूप में पुनर्गठित करना चाहते हैं। लेकिन किसी भी बड़े राजनीतिक संघर्ष में केवल एक नेता पर्याप्त नहीं होता। उसके साथ ऐसे सहयोगियों की आवश्यकता होती है जो संसद में आक्रामक ढंग से पक्ष रख सकें, संगठन में कार्यकर्ताओं को ऊर्जा दे सकें और देशभर में पार्टी की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ा सकें। दक्षिण भारत में केसी वेणुगोपाल, डीके शिवकुमार तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी जैसे नेता संगठनात्मक, प्रशासनिक और बौद्धिक स्तर पर कांग्रेस की ताकत बने हुए हैं। लेकिन उत्तर दृ पश्चिम भारत में युवा चेहरों को अधिक संगठित तरीके से आगे लाने की आवश्यकता है। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, गुजरात, हिमाचल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों से कांग्रेस को ऐसे नेताओं की नई पीढ़ी तैयार करनी होगी जो सामाजिक प्रतिनिधित्व के साथ–साथ वैचारिक स्पष्टता भी रखते हों।

गुजरात से शक्तिसिंह गोहिल और राजस्थान से राज्यसभा सांसद नीरज डांगी ने जिस तरह से संसदीय सक्रियता, संगठनात्मक जिम्मेदारियों और वैचारिक निष्ठा जैसे तीनों स्तरों पर खुद को साबित किया है, वह काबिले तारीफ है। कांग्रेस ने पिछले कुछ वर्षों में डांगी और गोहिल को विभिन्न राज्यों में चुनाव प्रभारी, पर्यवेक्षक और स्क्रीनिंग कमेटियों में संगठनात्मक जिम्मेदारियां देकर राष्ट्रीय नेता के रूप में तैयार किया है। इसी तरह हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, रणदीप सुरजेवाला, दीपेंदर हुड्डा, सचिन पायलट, इमरान प्रतापगढ़ी, प्रणीति शिंदे, गौरव गोगोई, जिग्नेश मेवानी, कन्हैया कुमार, सुखविंदर सिंह सुक्खू और उदय भानु छिब जैसे नेता लोकसभा, विधानसभा और संगठन व प्रशासन दोनों के अनुभव रखने वाले अपेक्षाकृत युवा हैं, जिनकी नई पीढ़ी तथा अपने अपने समाज में मजबूत पकड़ है। गौरव गोगोई संसद में अपनी प्रभावशाली बहस की क्षमता, तो पायलट अपने संतुलित राजनीतिक दृष्टि के कारण कांग्रेस के प्रमुख युवा चेहरों में शामिल हैं। कन्हैया कुमार वैचारिक आक्रामकता और युवाओं से संवाद की क्षमता रखते हैं। जिग्नेश मेवानी और नीरज डांगी सामाजिक न्याय और दलित राजनीति के मुद्दों पर कांग्रेस की आवाज को मजबूती दे सकते हैं। यही मॉडल अब पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और व्यापक रूप से अपनाने की आवश्यकता है।

वर्तमान में, राहुल गांधी की राजनीति का केंद्र विचारधारा आधारित संघर्ष बनता जा रहा है। इसलिए उन्हें केवल चुनावी प्रबंधकों की नहीं, बल्कि ऐसे राजनीतिक सहयोगियों की आवश्यकता है जो लंबे समय तक उनके साथ चल सकें। यह सहयोग संसद के भीतर भी जरूरी है और सड़क पर होने वाले राजनीतिक आंदोलनों में भी। नीरज डांगी, सचिन पायलट, इमरान प्रतापगढ़ी, प्रणीति शिंदे, गौरव गोगोई, जिग्नेश मेवानी जैसे नेता इस दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे संसदीय और संगठनात्मक दोनों में राजनीतिक संतुलन रखते हैं। कांग्रेस को अब यह समझना होगा कि युवा नेतृत्व को केवल एकाध बार सांसद दृ विधायक बनाने से काम नहीं चलेगा। उन्हें लंबे राजनीतिक अवसर देने होंगे। राज्यसभा, लोकसभा, विधानसभा, संगठनात्मक पद, चुनाव प्रबंधन और मीडिया रणनीति जैसे क्षेत्रों में युवा नेताओं की भागीदारी बढ़ानी होगी। यदि पार्टी केवल पुराने नेतृत्व ढांचे पर निर्भर रहती है, तो युवा नेताओं में निराशा बढ़ेगी। इसके विपरीत, यदि डांगी, पायलट, हुडा, प्रतापगढ़ी, प्रणीति जैसे नेताओं को आगे बढ़ाया जाता है, तो यह संदेश जाएगा कि कांग्रेस में नई पीढ़ी के लिए जगह है।

अपने संसदीय जीवन में राहुल गांधी जब पहली बार लोकतंत्र की आवाज बनने निकले थे, तो उनके लिए एक टीम बनी थी। ज्योतिरादित्य सिंधिया, मिलिंद देवड़ा, जितिन प्रसाद, आरपीएन सिंह, सचिन पायलट आदि कुछ चेहरे थे, जो उस टीम में थे। फिर जब राहुल कांग्रेस अध्यक्ष बने, तो भारत की चारों दिशाओं के राज्यों और हर समाज के अलग अलग वर्गों को उनकी टीम में प्रतिनिधित्व मिला। जिसमें बाद के दिनों में, अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, रवनीत सिंह बिट्टू, हार्दिक पटेल, प्रियंका चतुर्वेदी, सुष्मिता देव, नीरज डांगी, नवजोत सिंह सिद्धू, शक्ति सिंह गोहिल, गौरव वल्लभ, जयवीर शेरगिल, शहजाद पूनावाला, दिव्या स्पंदना, सुनील जाखड़ जैसे कई नाम बाद में उस सूची जुड़ते गए। लेकिन कांग्रेस के सत्ता से जाते ही, इनमें से कई सारे नेता कांग्रेस छोड़कर चले गए और बड़े नामों में, सचिन पायलट सहित शक्तिसिंह गोहिल और नीरज डांगी जैसे कुछ ही लोग बचे हैं। इसीलिए, कांग्रेस को और खास तौर से राहुल गांधी को अपनी राजनीतिक यात्रा को ताकतवर बनाने के लिए, विशेष रूप से दलित, पिछड़े और युवा वर्ग में अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करनी होगी, और उस वर्ग को प्रतिनिधित्व आधारित राजनीति के लिए भी गंभीरता से आगे लाना होगा।

बीजेपी ने पिछले वर्षों में सामाजिक विस्तार की राजनीति के जरिए कई वर्गों में अपनी पैठ बनाई है। न तो राहुल गांधी और न ही कांग्रेस, बीजेपी की इस ताकत का मुकाबला केवल वैचारिक भाषणों से नहीं कर सकतीय उसे जमीन पर ऐसे नेताओं को आगे करना होगा जो समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भरोसा पैदा कर सकें।

# पंजाब त्रिस्तरीय निकाय चुनाव का संकेत



– कमलेश पाण्डेय–

पंजाब के त्रिस्तरीय शहरी निकाय चुनाव– नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत– सिर्फ स्थानीय सत्ता का संघर्ष नहीं हैं, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव का "सेमीफाइनल" माने जा रहे हैं। ये चुनाव सिर्फ स्थानीय प्रशासनिक चुनाव नहीं हैं, बल्कि ये पंजाब की बदलती क्षेत्रीय राजनीति, राष्ट्रीय दलों की रणनीति और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की संघीय लोकतांत्रिक छवि से भी जुड़े हुए हैं। यही वजह है कि 2026 के इन चुनावों को 2027 विधानसभा चुनाव का सबसे बड़ा "पॉलिटिकल टेस्ट" माना जा रहा है। पंजाब नगर निकाय चुनाव 2026 के चुनाव आयोग और मतगणना से जुड़े अब तक के मुख्य आंकड़े निम्नलिखित हैं– कुल 102 शहरी निकायों– नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायतों– में चुनाव हुए, जहां मतदान प्रतिशत लगभग 63.94ः दर्ज किया गया। नगर पंचायतों में सबसे अधिक 76.18ः मतदान हुआ। नगर निगम क्षेत्रों में सबसे कम लगभग 59.91ः मतदान दर्ज हुआ। नगर परिषदों में लगभग 65.06ः मतदान हुआ। कुल 1,896 वार्डों के लिए मतदान कराया गया। लगभग 7,555 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें से 79 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए।

इस चुनाव में अब तक आए नतीजों और घोषित रुझानों के अनुसार आम आदमी पार्टी ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस मुख्य विपक्षी पार्टी बनी है। आप ने लगभग 886 वार्ड जीते। जबकि कांग्रेस ने लगभग 358 वार्ड जीते। वहीं शिरोमणि अकाली दल (।क) को 191दृ192 वार्ड, भाजपा को 172 वार्ड, बसपा को 7 वार्ड, और निर्दलीय उम्मीदवारों को 251 वार्ड पर जीत मिली। वहीं सीट प्रतिशत के हिसाब से मोटे अनुमान के मुताबिक, आप ने लगभग 50ः के आसपास वार्ड, कांग्रेस ने लगभग 20ः वार्ड, एसएडी ने लगभग 9ः वार्ड, बीजेपी ने लगभग 7ः वार्ड और बीएसपी सहित अन्य ने लगभग 14ः सीटो पर जीत व बढ़त हासिल की है।

जहाँ तक वोट प्रतिशत का सवाल है, तो विभिन्न मीडिया रिपोर्टों और संकलित रुझानों के अनुसार दल और अनुमानित वोट प्रतिशत इसप्रकार हैं– आम आदमी पार्टी को लगभग 41दृ44ः, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को लगभग 24दृ27ः, भारतीय जनता पार्टी को लगभग 13दृ16ः, शिरोमणि अकाली दल को लगभग 10दृ13ः और निर्दलीय व अन्य लगभग 5दृ8ः वोट हासिल हुए हैं। इस प्रकार आप का वोट शेयर सबसे अधिक रहा, जबकि कांग्रेस दूसरे नंबर पर, शिरोमणि अकाली दल तीसरे नम्बर पर रही और इसने ग्रामीण–सिख बेल्ट में कुछ आधार वापस पाया, जबकि बीजेपी चौथे स्थान पर जाकर कुछ शहरी पॉकेट्स तक सीमित रही। आधिकारिक वोट प्रतिशत का सबसे विश्वसनीय डेटा मब.चनदरंइ.हवअ.पदद्ध पर उपलब्ध है। अब जिस तरह से इन चुनावों के नतीजे आए हैं, उसने यह तय कर दिया है कि राज्य की राजनीति में आम आदमी पार्टी की जमीन मजबूत हो रही है और कांग्रेस, भाजपा, एसएडी जैसे विपक्षी दल बचाव की मुद्रा में आ चुके हैं। लिहाजा पंजाब त्रिस्तरीय शहरी निकाय चुनाव के दलगत, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सियासी मायने अहम हैं।पहला, आप (।।च) अपने जनविश्वास की परीक्षा में सफलरू मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के लिए यह चुनाव सत्ता में आने के बाद शहरी जनसमर्थन मापने का अवसर था, जो बड़ी जीत के साथ उम्मीदों पर खरा उतरा। निकायों में मजबूत जीत मिली है। इससे यह संदेश गया कि पंजाब में आप सिर्फ "वैकल्पिक प्रयोग" नहीं, बल्कि स्थायी राजनीतिक शक्ति बन चुकी है।

